संपादकीय

newsjankalyanseva@gmail.com

साप्ताहिक

# जनकल्याण सेवा

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - ४० | २३ से २९ अक्टुबर २०२३ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024




संपादक सीमा गुप्ता

## दो देशों के बीच का मतभेद आतंकवाद के जरिए हल करना संभव नहीं

इजराइल पर हमास के हमले के बाद भारत ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। प्रधानमंत्री ने इजराइल के प्रधानमंत्री से फोन पर बात कर उन्हें आश्वस्त किया कि भारत उनके साथ खड़ा है। भारत का यह रुख सिर्फ इसलिए नहीं है कि इजराइल से उसके रिश्ते काफी मजबूत हैं और दोनों देशों के व्यापारिक संबंध लगातार प्रगाढ़ होते गए हैं। बल्कि इस समय भारत ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि वह दुनिया में कहीं भी और किसी भी प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ है। हमास एक आतंकवादी संगठन है और जिस तरह उसने इजराइल पर हमला किया और कई सौ लोगों को मार डाला, वह मानवता के विरुद्ध उठाया गया कदम है। हालांकि इजराइल ने हमास के इस हमले को युद्ध कहा और उस पर पलटवार करते हुए पूरे गाजा क्षेत्र की घेराबंदी कर दी है। उसने हमास को नेस्तनाबूद करने का संकल्प दोहराया है। इस हमले के बाद दुनिया भर से अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। इस्लामी देशों के लामबंद होने और इजराइल के खिलाफ बड़े युद्ध की आशंका भी जताई जा रही है। अमेरिका ने इजराइल को मदद भेजनी शुरू कर दी है। ऐसे में फिर से दुनिया दो ध्रुवों में बंटती नजर आ रही है। मगर दुनिया के तमाम देशों की प्राथमिकताएं बदल रही हैं और वे सुरक्षा से अधिक अपने व्यापारिक रिश्तों को अहमियत देते देखे जा रहे हैं। इसलिए माना जा रहा है कि फिलस्तीन के समर्थन और इजराइल के विरोध में कोई बड़ी लामबंदी नहीं हो सकती। चूंकि हमास को ईरान की शह मिली हुई है, इसलिए उसके इजराइल के खिलाफ मैदान में उतरने की संभावना अधिक जताई जा रही है। मगर वैश्विक मंच पर आज कोई ऐसा देश नहीं है, जो इस तरह किसी आतंकी संगठन के पक्ष में उतरना चाहेगा। इजराइल की दुश्मनी फिलस्तीन से है। फिलस्तीन के हिस्से की जमीन इजराइल ने हथिया रखी है। इसे संयुक्त राष्ट्र के मंच पर भी सुलझाने का प्रयास किया गया, मगर इजराइल के रुख में कोई बदलाव नहीं आया। कोई भी लोकतांत्रिक देश इस तरह किसी देश के भूभाग पर कब्जा करने के प्रयासों को उचित नहीं ठहरा सकता। इसीलिए भारत भी शुरू से फिलस्तीन का पक्षधर रहा है। अब भी वह इजराइल के साथ जरूर है, मगर फिलस्तीन के हक के खिलाफ नहीं है। हालांकि प्रधानमंत्री के इजराइल के साथ खड़े होने की घोषणा पर विपक्षी दलों की प्रतिक्रिया कुछ इस तरह आ रही है, जैसे भारत फिलस्तीन के विरोध में खड़ा है।

## भाईंदर में मचछी मार्केट बना खंडहर

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : भायंदर पूर्व के जैसलपार्क में चौपाटी से आगे मछली विक्रेताओं के लिए एक मार्केट का निर्माण मीरा भायंदर मनपा द्वारा वर्ष २०१८-१९ के दौरान किया गया था. लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए इस मार्केट का आज तक उद्घाटन ही नहीं हुआ और उस मार्केट में मछली विक्रेताओं को स्थानांतरित भी नहीं किया गया, जिससे वर्षों से खाली पडी यह मार्केट देख-रेख के अभाव में खंडहर में तब्दील हो



गई है और मनपा के लाखों रुपए की निधि पर पानी फिर गया है. गंदगी और बदबू से नागरिकों को होती है परेशानी बता दें कि भायंदर पूर्व में रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन के समानातर जैसल पार्क चौपाटी को जाने वाली सडक़ के किनारे मछली विक्रेताओं का बाजार लगता है. चौपाटी पर मॉर्निंग वॉक, सैर सपाटे के लिए सैकडों लोग प्रतिदिन उसी मार्ग से चौपाटी पर जाते हैं. मछली बाजार की गंदगी और बदबू से वहां से गुजरने वाले नागरिकों को परेशानी होती थी. ट्रैफिक जाम की भी समस्या रहती थी, इसलिए जैसल पार्क चौपाटी पर खाडी के समानांतर एसटीपी प्लांट के पास लाखों रुपए खर्च कर मछली मार्केट बनाया गया था. बताया जा रहा है कि वह मछली मार्केट ऐसी जगह बनाया गया है, जहां पर ग्राहकों का पहुंचाना मुश्किल है अथवा ग्राहक उतनी दूर मछली खरीदने नहीं जाएंगे, इसलिए मछली विक्रेताओं ने उस मार्केट में जाने से मना कर दिया, जिससे देख-रेख के अभाव में मार्केट खंडहर बन गया है. मनपा प्रशासन बिना किसी नियोजन के लाखों रुपए की निधि आंख बंद करके खर्च कर देती है और शहर के नागरिकों के लिए वह किसी काम नहीं आता. यह मछली मार्केट इसका जीता-जागता उदाहरण है. जब मछली विक्रेताओं को वहां स्थानांतरित नहीं करना था, तो लाखों रुपए मार्केट बनाने पर क्यों खर्च किए गए? आज भी चौपाटी पर आने जाने वाले नागरिकों को वर्तमान के मछली मार्केट की बदबू और गंदगी की परेशानी तो ज्यों की त्यों बनी हुई है. उल्टे बनाए गए मछली मार्केट के खंडहर हो जाने से वहां चरसी, गरदुल्ले और असामाजिक तत्वों ने अपना ठिकाना बना लिया है.

## वन विभाग को मैंग्रोज क्षेत्र के सीमांकन का प्रस्ताव भेजा

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर, मीरा भायंदर में मैंग्रोज वन क्षेत्र का सीमांकन कर उसका नक्शा उपलब्ध कराने का प्रस्ताव हाल ही में मनपा प्रशासन ने वन विभाग को भेजा है. शहर ३ तरफ से अरब सागर के खाडी से घिरा हुआ है, जिससे यहां का एक बहुत बडा भूभाग मैंग्रोव वन से घिरा हुआ है, पिछले कुछ वर्षों में शहर के मैंग्रोव क्षेत्र को पडे.पैमाने पर ह्रास करने, भू माफियाओं द्वारा कब्जा किए जाने और अवैध भरनी कर मैंग्रोज वन को नष्ठ किए जाने की कई शिकायतें मनपा प्रशासन को प्राप्त होती है, लेकिन मीरा-भायंदर क्षेत्र में मैंग्रोज वन के सीमा क्षेत्र की पूर्णरूपेण जानकारी पालिका प्रशासन को नहीं होने से उस पर



कार्रवाई करने में उन्हें कठिनाइयां उत्पन्न होती है. सीमा निश्चित हो जाने के बाद अवैध निर्माणों पर अंकुश और स्थानीय ग्रामीणों को उनकी जमीन सुरक्षित रखने में सहायता मिलेगी, इसीलिए वन विभाग को मैंग्रोज क्षेत्र के सीमांकन का प्रस्ताव भेजा गया है. बता दें कि मैंग्रोज वन क्षेत्र के संरक्षण के लिए केंद्र सरकार ने कडे.नियम बनाए हैं, लेकिन आज तक इन नियमों को कडाई से लागू न किए जाने की वजह से इसका पालन नहीं किया जा रहा, जिससे मैंग्रोज वन क्षेत्र धीरे-धीरे कम होने लगी है और शहर के मैंग्रोज वन क्षेत्र में बडे.पैमाने पर अतिक्रमण किए जा रहे हैं. इस पर अंकुश लगाने के लिए मनपा आयुक्त संजय श्रीपतराव काटकर ने पहल की है, जिसमें सर्वप्रथम शहर के मैंग्रोज क्षेत्र की जानकारी प्राप्त कर उसकी सीमा निश्चित करने का निर्णय लिया गया है. मैंग्रोज वन क्षेत्र, वन विभाग के अधीन आता है, इसलिए वन विभाग को इसका प्रस्ताव भेजा गया है. वन विभाग के पास वर्ष २००५ से पूर्व का नक्शा उपलब्ध होने के कारण पुन: सर्वेक्षण कर सीमा निश्चित की जायेगी.

## काशीमीरा में फायरिंग का आरोपी को पुलिस ने धरदबोचा



**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। एक सप्ताह पहले काशीमीरा पुलिस थाने से १०० मीटर की दूरी पर एक एक शॉप में हुई फायरिंग की कोशिश में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।जबकि उसके साथी की तलाश है। आरोपी का नाम अकबर अली मोहम्मद शफीक शेख( २८) है और वह धारावी मुंबई का रहने वाला है।उसके ऊपर मारपीट और हत्या का प्रयास जैसे संगीन मामले दर्ज हैं। पिछले शुक्रवार को सुबह १० बजे के करीब काशीमीरा नाके पर सनराइज होटल के बगल में इंटरनेशनल वेकिंग कंपनी नाम की केक शॉप में तीन राउंड गोली चलाने की कोशिश की गई थी।लेकिन रिवाल्वर लॉक हो जाने की वजह से गोली चली नहीं। दुकान के कर्मचारी चंद्रकांत उर्फ चंदू को लक्ष्य कर फायरिंग की कोशिश हुई थी।दुकान का मालिक इब्राहिम पटेल भवन निर्माण के साथ-साथ यह मुंबई और उपनगर का बहुत बडा गुटखा तस्कर बताया जाता है। डीपी जयंत बजबले ने कहा कि फायरिंग की कोशिश की असली वजह दूसरे आरोपी के पकडे. जाने के बाद ही पता चल सकेगी। बहरहाल उसकी तलाश हम रहे हैं।

## ऑनलाइन गेमिंग के चक्कर में आकर पुलिसवाला बना चोर

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई : भिवंडी तालुका के पडघा पुलिस स्टेशन की सीमा में २ दिन पहले हुई गोलीबारी की घटना में पुलिस ४८ घंटे के अंदर आरोपी को पकड़ने में कामयाब रही। इस घटना में चौंकाने वाली बात यह है कि हमलावर मुंबई पुलिस बल का जवान है। ऑनलाइन गेमिंग के चक्कर में कर्ज में डूबे आरोपी ने सर्विस रिवॉल्वर से ८ राउंड फायरिंग की थी।




घटना में बाइक सवार दो लोग घायल हो गए थे। पडघा पुलिस ने आरोपी पुलिसकर्मी सूरज देवराम ढोकरे को अहमदनगर पुलिस की मदद से कोल्हार में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, भिवंडी तालुका के अंबाडी-वाशिंद रोड पर पाइप लाइन के पास मैंदे गांव की सीमा में १३ अक्टूबर को बाइक से जा रहे दो युवकों का पीछा करके उनके ऊपर ८ राउंड फायरिंग की गई थी। गोलीबारी में बाइक से जा रहे विरार (पूर्व) के रहने वाले फिरोज रफीक शेख (२७) पर सरकारी ग्लॉक १९ मेड इन यूएसए पिस्टल से ६ राउंड और अजीम असलम स-यद (३०) पर दो राउंड फायरिंग की गई थी। उन्हें इलाज के लिए मुंबई में भर्ती कराया गया है।

## बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष के फेसबुक हैंडलर ने की शिकायत

भायंदर, बीजेपी के १४५ मीरा भायंदर विधानसभा चुनाव प्रमुख एड. रवि व्यास के फेस बुक हैंडलर कमलेश प्रफुल्ल जोशी ने भायंदर पुलिस थाने में साइबर क्राइम के तहत मोबाइल हैक करने और अश्लील कंटेंट पोस्ट किए जाने की एफआईआर दर्ज कराई है। जोशी ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया है कि एड. रवि व्यास का रवि व्यास नाम से फेसबुक अकाउंट है। जो रवि व्यास के अपने मोबाइल और एस्सार कंपनी के लैपटॉप से संलग्न है। उनके फेसबुक पर कुछ महत्वपूर्ण पोस्ट, मैसेज भेजना हो तो व्यास के कहने पर जोशी लैपटॉप पर उनके फेसबुक के माध्यम से भेजते हैं और वह फेसबुक अकाउंट हैंडल करते हैं। रवि व्यास के फेसबुक हैंडलर जोशी के अनुसार ९ अक्टूबर को दोपहर २.३५ बजे व्यास के ऑफिस में लैपटॉप पर कार्य करते समय व्यास के फेसबुक पेज पर एक नोटिफिकेशन आया था। जिस पर उनके फेसबुक पेज पर कुछ आक्षेप जनक पोस्ट प्रसारित किए जाने का उल्लेख किया गया था । उस पोस्ट को हटाने के लिए एक लिंक भी दी गई थी.

## जमीनों का राज्य सरकार पहले उचित मुआवजा दे, उसके बाद रोड का निर्माण कार्य शुरू करें

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर, राज्य सरकार की महत्वपूर्ण दहिसर भायंदर लिंक रोड परियोजना में केंद्र सरकार की साल्ट डिपार्टमेंट (नमक विभाग) और स्थानीय भूमिपुत्र शिलोत्री (नमक किसान) के बीच चल रहे जमीनी विवाद का रोडा उत्पन्न हो गया है. साल्ट डिपार्टमेंट और नमक किसान के बीच जमीन के मालिकाना हक को लेकर करीब ४० वर्षों से न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है. ऐसे में मीरा भायंदर के नमक किसान की मांग है कि दहिसर- भायंदर लिंक रोड परियोजना में आने वाली उनके जमीनों का राज्य सरकार पहले उचित मुआवजा दे. उसके बाद रोड का निर्माण कार्य शुरू करें. अब यह प्रकरण सामने आने के बाद ऐसी आशंका जताई जा रही है कि कहीं यह परियोजना साल्ट डिपार्मेंट और नमक किसान के बीच चल रहे जमीनी विवाद की भेंट न चढ.जाए. बता दें कि दहिसर -भायंदर एलिवेटेड रोड (डीबीएल आर) मुंबई महानगरपालिका की एक महत्वपूर्ण परियोजना है. नमक के खेती की जमीन केंद्र सरकार की नहीं नमक उत्पादकों की है. इस जमीन के मालिकाना हक और जमीन के लिए पहले से ही हम लडाई लड.रहे हैं. उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय तक हमारी लडाई चल रही है. यह जमीन केंद्र सरकार की है, यह कहीं भी अब तक सिद्ध नहीं हो सकी है. हमारे जमीन के सभी कागज पत्र हमारे पास है और हमारे संगठन से करीब २००० परिवार जुडे.हुए हैं. मनपा अगर यह परियोजना कर रही है तो इसमें बाधित होने वाले जमीनों का विधिवत भूमि संपादन कर हमें नियमानुसार मुआवजा दें, ऐसा पत्र भी हमने विधि विभाग को भेजा है. इस परियोजना का हमारा विरोध नहीं है, नियमानुसार मुआवजा नहीं मिलने पर हम इसके खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे.

## भारतीय पासपोर्ट का अवैध तरीके से इस्तेमाल, आरोपी गिरफ्तार

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई : बोरीवली पुलिस ने अवैध तरीके से मुंबई में निवास कर रहे सत्रह बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। इन बांग्लादेशियों के पास से पुलिस ने फर्जी दस्तावेज भी बरामद किए हैं। जिसमें पासपोर्ट समेत, आधारकार्ड, वोटर कार्ड जैसे दूसरे दस्तावेज शामिल हैं। मुख्य आरोपी के पास से पुलिस ने उसका पासपोर्ट भी बरामद किया है। जिसका इस्तेमाल कर वह लोगों को बताता था कि उसका भी पासपोर्ट तैयार कर उस दो पासपोर्ट पर वीजा लगा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मामले में गिरफ्तार किया गया



आरोपी सलमान आयूब खान बांग्लादेशियों को अवैध तरीके से बॉर्डर पार करवाकर लेकर आता था। इसके बाद मुंबई लाकर अलग अलग जगह ठहरने की व्यवस्था करता था। इसके बाद एक एक कर फर्जी दस्तावेज तैयार करता था और फिर उसका इस्तेमाल कर पासपोर्ट बनवाकर उसे विदेश भेजता था। भारतीय पासपोर्ट पर आरोपी विदेश चले जाते थे। यह सिर्फ इसलिए कि भारतीय पासपोर्ट होने की वजह से उनपर कोई संदेह नहीं करता था। बहरहाल मामले की अधिक जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस ने पहले तीन बांग्लादेशियों को बोरीवली से गिरफ्तार किया था। जिसमें सलमान अयूब खान, सुमन मोमिन सरदार और ओमर मुल्ला शामिल है। इनसे पूछताछ शुरू की गई और एक एक कड़ी खुलती गई। जिसके बाद नालासोपारा और विरार में छापेमारी कर बाकी के चौदह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से पुलिस ने कुछ दस्तावेज भी बरामद किए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपियों के पास से बरामद किए गए पासपोर्ट में से दो लोगों के पासपोर्ट ऐसे हैं जिसपर वे कुवैत का वीजा लगा हुआ हैं। इसके अलावा बाकी जो आरोपी गिरफ्तार हुए हैं उनका विदेश में भेजने के लिए प्रोसेस जारी था। लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। भारतीय पासपोर्ट का इस्तेमाल कर दूसरे भी आरोपी विदेश जानेवाले थे। हालांकि जांच बोरीवली पुलिस द्वारा की जा रही है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि विदेश जाने के लिए उन्हें भारतीय पासपोर्ट से आसानी से एक्सेस मिल जाता था। आरोपियों के पास से सऊदी और बांग्लादेशी करंसी भी मिली है। इसके अलावा पुलिस यह भी जानकारी जुटाने में लगी है कि उसने कैसे कैसे डॉक्यूमेंट बनवाये हैं।




# प्रमोद महाजन कौशल विकास केंद्र का उद्घाटन कोंकण मंडल में ५४ कौशल विकास केंद्र चालू

नवी मुंबई, : प्रमोद महाजन ग्रामीण कौशल विकास केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर कोंकण संभागीय आयुक्त डॉ. महेंद्र कल्याणकर ने पनवेल केंद्र में उपस्थित होकर ऑडियो विजुअल प्रणाली के माध्यम से कार्यक्रम में भाग लिया। युवा रोजगार के अवसरों और ग्रामीण विकास को बढावा देने के लिए प्रमोद महाजन ग्रामीण कौशल विकास केंद्रों का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑडियो विजुअल सिस्टम के माध्यम से किया। राज्य की ५११ ग्राम पंचायतों में ये केंद्र एक साथ शुरू किए गए हैं, जिनमें से कोंकण संभाग में ५४ केंद्र आज शुरू किए गए। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार मंत्री मंगल प्रभात लोढा, मुख्य सचिव मनोज सौनिक ऑडियो विजुअल सिस्टम के माध्यम से उपस्थित थे। विधायक प्रशांत ठाकुर, उपायुक्त (विकास) गिरीश भालेराव, कौशल विकास उपायुक्त डीडी पवार, पनवेल नगर निगम के उपायुक्त कैलाश गावडे, प्रगति कौशल विकास निदेशक चव्हाण और पनवेल केंद्र के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। अब तक महाराष्ट्र की २८ हजार ग्राम पंचायतों में कोई कौशल विकास केंद्र नहीं था. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना के अनुरूप इस कौशल विकास केंद्र को शुरू करने का निर्णय लिया गया. रोजगार के लिए गांवों से शहरों की ओर युवाओं के पलायन को रोकने के लिए कौशल विकास केंद्र की यह अवधारणा महत्वपूर्ण है और भविष्य में राज्य में इन केंद्रों की संख्या भी बढाई जाएगी। ये केंद्र ३४ जिलों के ग्रामीण इलाकों में स्थापित किये गये हैं. कोंकण संभाग में ठाणे जिले में ९, पालघर जिले में १२, रायगढ जिले में १४, रत्नागिरी जिले में ११ और सिंधुदुर्ग जिले में ८ कुल ५४ कौशल विकास केंद्रों का एक साथ ऑडियो विजुअल सिस्टम के माध्यम से उद्घाटन किया गया। कोंकण संभाग के विभिन्न स्थानों पर धप्रमोद महाजन ग्रामीण कौशल विकास केंद्रध का उद्घाटन कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटिल की उपस्थिति में ठाणे के कोन ग्राम पंचायत में संपन्न हुआ। इस अवसर पर ठाणे कलेक्टर अशोक शिंगारे उपस्थित थे। रायगढ. कलेक्टर डॉ. योगेश म्हसे चेंढ्रे ग्राम पंचायत केंद्र से कार्यक्रम में शामिल हुए। इस समय वहां १५०० युवक, युवतियां और छात्र मौजूद थे. कार्यक्रम में पालघर कलेक्टर गोविंद बोडके उमरोली ग्राम पंचायत से उपस्थित थे। पालघर जिले में १२ स्थानों पर कार्यक्रम संपन्न हुआ. रत्नागिरी जिले में कलेक्टर एम देवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में ११ स्थानों पर कौशल विकास केंद्र का लोकापर्ण कार्यक्रम संपन्न हुआ. कोंकण संभाग में कौशल विकास कार्यक्रम को सफल बनाने में कलेक्टरों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, जिला कौशल अधिकारियों और अन्य विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।






## कविता में बहुत ताकत होती है

**भायंदर** : मीरा रोड पूर्व स्थित विरुंगला केंद्र में कविता संग्रह सिवान में बांसुरी विमोचन कवि राजेश जोशी के हाथों किया गया. आयोजन की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध कवि विनोद दास ने की. इस अवसर पर राजेश जोशी ने बोलते हुए कहा कि कविता में इतनी ताकत होती है कि वह पूरे कौम को नया जीवन दे सकती है. जनवादी लेखक संघ और स्वर संगम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में हृदयेश मयंक, डॉ मधुबाला शुक्ला, रमन मिश्र, सुधा अरोडा, संजय विसे, विनोद दास प्रमुख रुप से उपस्थित रहे. आयोजन में साहित्य, संगीत, कला, सिनेमा पत्रकारिता और नाटक की दुनिया के जाने–माने लेखक, गायक, रंगकर्मी और अभिनेता उपस्थित थे.




## एक चोरी और चोर को पकडऩे के लिए ५ महीने तक मुंबई पुलिस ने लगाए ८०० अस्पतालों के चक्कर


मुंबई : चोर–सिपाही के खेल में किसी चोर को पकडऩे के लिए पुलिस को कई बार खासी मेहनत करनी पडती है। रोहित राठोड नामक चोर को ढूंढने के लिए एमएचबी पुलिस मुंबई के ८०० अस्पताल तक गई। रोहित ने वारदात पांच महीने पहले की थी, लेकिन पुलिस ने उसे गिरफ्तार मंगलवार १७ अक्टूबर को किया। इस केस में शिकायत ३२ साल की एक महिला ने कराई थी, जो दहिसर पश्चिम की एक बिल्डिंग के दूसरे माले के फ्लैट में रहती हैं। २२ जून, २०२३ को आरोपी उनके घर में खिडक़ी से घुसा। उस वक्त महिला गहरी नींद में सो रही थीं। एकाएक उनकी नींद खुली। उन्हें लगा कि कोई उनके घर की आलमारी खोल कर कुछ निकाल रहा है। उन्होंने लाइट ऑन की, तो पकडे.जाने के डर में आरोपी गोल्ड की बालियां और छह हजार रुपये लेकर भाग गया। पुलिस में शिकायत दर्ज की गई। सीनियर इंस्पेक्टर सुधीर कुडालकर की टीम ने जब सीसीटीवी फुटेज से मामले की जांच शुरू की, तो नोट किया कि आरोपी की उम्र २५ से ३० साल के बीच है, वह बिल्डिंग के ड्रेनेज पाइप से दूसरे फ्लोर पर संबंधित महिला के घर घुसा था। बाद में उसने इसी पाइप के सहारे नीचे उतरने की कोशिश की और उसी में वह गिर गया। सीसीटीवी फुटेज में ही दिखा कि आरोपी गिरकर बडी मुश्किल से उठ पाया और फिर लगभग लंगडाते–लंगडाते वहां से भागा। बिल्डिंग में जिस जगह पर आरोपी गिरा था, वहां उसके दो टूटे दांत भी मिले, साथ ही वहां खून भी देखा गया। पुलिस समझ गई कि आरोपी किसी न किसी अस्पताल में जरूर भर्ती हुआ होगा। सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की शिनाख्त हो गई थी, इसलिए पुलिस ने कई टीमें बनाईं। कुछ टीमें दहिसर से विरार के तमाम अस्पतालों में गईं, जबकि बाकी टीमों ने दहिसर से चर्चगेट के कई अस्पतालों का दौरा किया। खुद पुलिस द्वारा जारी स्टेटमेंट में कहा गया है कि वह ७०० से ८०० अस्पतालों में आरोपी को ढूंढने गई थी। उसी में सांताक्रूज के एक अस्पताल में आरोपी बेड पर पडा मिला। उसके पैर में प्लास्टर चढा हुआ था। पुलिस ने उसके घर का अड्रेस ले लिया, उसके ठीक होने का इंतजार किया और फिर अस्पताल से डिस्चार्ज होने और उसके घर में पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद उसे मंगलवार को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया। वह दहिसर का मूल निवासी है। मुंबई के अलग–अलग इलाकों में इसी तरह घर में घुसकर चोरी करने के उसके खिलाफ पहले भी १९ मामले दर्ज हो चुके हैं।






































# शहिद पुलिस कर्मचारियों को श्रद्धांजलि देने के लिए परेड का आयोजन

**जेकेएस संवाददाता**

नई मुंबई : लद्दाख में भारत-चीन सीमा पर बर्फाल क्षेत्र में हॉट स्प्रिंग पर २१ अक्टूबर १९५९ में जब सीआरपीएफ के जवान गश्त कर रहे थे, तभी पीछे से चीनी सैनिकों ने उन पर हमला कर दिया था। जैसे को तैसा जवाब सीआरपीएफ के जवानों ने भी दिया था, लेकिन इस हमले में सीआरपीएफ के १० जवान शहीद हुए थे। देश में हर किसी को उनकी अद्वितीय बहादुरी से कर्तव्य और देशभक्ति की भावना को प्रेरित करने के लिए २१ अक्टूबर को



पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसलिए नई मुंबई पुलिस आयुक्तालय प्रांगण में सभी शहीद पुलिस कर्मचारियों एवं अधिकारियों को श्रद्धांजलि देने के लिए बडे.पैमाने पर परेड का आयोजन किया गया। शनिवार २१ अक्टूबर को शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए नई मुंबई पुलिस आयुक्तालय परिसर में बडे.स्तर पर परेड का आयोजन किया गया था। इस दौरान कार्यक्रम में शहीदों के परिजनों को भी आमंत्रित किया गया था। १ सितंबर २०२२ से ३१ अगस्त २०२३ की अवधि के दौरान ड्यूटी पर शहीद हुए कुल १८८ पुलिस अधिकारियों / जवानों को याद किया गया। शहीदों को नई मुंबई पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंबे ने अन्य सभी वरिष्ट पुलिस अधिकारियों, पुलिस प्रवर्तकों, मंत्रालयीन अधिकारियों / कर्मचारियों के साथ अन्य गणमान्य व्यक्तियों और शहीदों के परिवारों की उपस्थिति में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# बार पर छापा : मालिक सहित ४३ लोगों पर मामला दर्ज

**जेकेएस संवाददाता**

नई मुंबई : नई मुंबई पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंबे में आने के बाद नई मुंबई पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में अवैध व्यवसायों और वैध व्यवसाय के नाम पर अवैध काम करने वालों की गतिविधियों पर लगाम लग गई है। वो फिर कोई भी अवैध व्यापार क्यूं न हो, उसी तरह अवैध कृत्य करने वाले बारों पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर छापेमारी जारी है। वहीं कोपरखैरने के बार में अश्लील हरकतें कर ग्राहकों को लुभाने का कार्य हो रहा है, इस तरह की जानकारी



कोपरखैरने के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक अजय भोसले को मिली थी, जिसके बाद भोसले ने एक टीम बनाकर बार में छापेमारी की तो वहां कई महिलाएं अश्लीलता भरी हरकतें करते हुए दिखीं, जो वहां आए ग्राहकों को उकसा रही थीं, जिसके बाद पुलिस ने ग्राहकों, महिला कर्मचारियों सहित ४३ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारी ने बताया कि बार में महिला गायिकाओं ने छोटे कपडे. पहन रखे थे तथा अनुमति से अधिक महिला गायकों को काम पर रखा गया था। अधिकारी ने बताया कि बार के मालिक-कर्मचारी और ग्राहक सहित ४३ लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा २९४ एवं १८८, ३४ के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू की गई है।

# युवाओं की नाराजगी की वजह से ठेका भर्ती का जीआर रद्द: पटोले

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई। ठेका भर्ती का जीआर रद्द करने के सरकार के फैसले पर टिप्पणी करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि महायुति सरकार में पुलिस समेत अहम विभागों में संविदा यानी कॉन्ट्रैक्ट पर भर्ती के खिलाफ कांग्रेस पार्टी लगातार आवाज उठा रही है। इस फैसले से सरकारी नौकरी का इंतजार कर रहे युवाओं में काफी गुस्सा था । कांग्रेस पार्टी युवाओं के साथ मजबूती से खड़ा रहते हुए भाजपा सरकार को बेनकाब करने का काम किया। भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को यह एहसास हो गया कि युवाओं की नाराजगी की वजह से चुनाव में उन्हें भारी हार का सामना करना पड.सकता है। यही वजह है कि अब शर्मिंदगी का एहसास होने के बाद बीजेपी सरकार को संविदा भर्ती के जीआर को रद्द करने का फैसला करना पड़ा है। लेकिन ऐसा करते हुए भी देवेन्द्र फडण़वीस ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार को ही



बेनकाब कर दिया, क्योंकि ये दोना नेता आघाडी सरकार में काम कर चुके हैं। पटोले ने इस संबंध में भाजपा सरकार और देवेन्द्र फडणवीस पर निशाना साधते हुए कहा कि उपमुख्यमंत्री कह रहे हैं कि अनुबंध के आधार पर कर्मचारियों की भर्ती का फैसला तत्कालीन मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे, अशोक चव्हाण और पृथ्वीराज चव्हाण ने लिया था। जब कांग्रेस सरकार सत्ता में थी, तो यह यह भर्ती सरकार द्वारा की जा रही थी और बाद में इन कर्मचारियों की सेवा को बरकरार रखा गया। हालांकि वर्तमान सरकार में नौकरी भर्ती एक निजी कंपनी द्वारा की जा रही है । सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि २०१४ से २०१९ तक देवेन्द्र फडणवीस मुख्यमंत्री थे, तो उन्होंने उसी समय कांग्रेस सरकार की संविदा भर्ती जीआर को रद्द क्यों नहीं किया ? अब भी शिंदे सरकार आए हुए डेढ.साल हो गया है, इस डेढ.साल में यह जीआर रद्द क्यों नहीं किया गया ? शिंदे सरकार के सत्ता में आते ही महाविकास आघाडी सरकार के विकास कार्यों को तुरंत निलंबित कर दिया गया। अनुबंध भर्ती जीआर को रद्द करने में इस महायुति सरकार को इतना समय क्यों लग गया ? इसका जवाब देवेंद्र फडणवीस को देना चाहिए, लेकिन उनकी हालत ३गिरे तो भी टांग ऊपर वाली हो गई है। मैं कभी सच नहीं बोलता और झूठ नहीं बोल सकता। ऐसी हालत उपमुख्यमंत्री की हो गई है।

# मीरारोड के नयानगर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमेरे





**जेकेएस संवाददाता**

१६ अक्टूबर २०२३ को मीरा भायंदर नगर निगम के नयानगर पुलिस स्टेशन क्षेत्र के नया नगर, मीरा रोड क्षेत्र के नागरिकों की सुरक्षा के लिए। रुपये की लागत से लगाये गये सीसीटीवी कैमरे का उद्घाटन समारोह. संचालन विधायक श्रीमती गीता जैन ने किया। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त जयंत बाजबाले, नगर निगम उपायुक्त संजय शिंदे, सहायक पुलिस आयुक्त उमेश माने पाटिल, वरिष्ट पुलिस निरीक्षक और पुलिसकर्मी तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

# बैंक एकाउंट के माध्यम से लाखों कि ठगी

नई मुंबई, चेन्नई में बैठकर इनकम टैक्स अधिकारी बनकर नागपुर में एक बैंक एकाउंट के माध्यम से लाखों कि ठगी करने वाले ठग को नई मुंबई पुलिस ने किया गिरफ्तार ।सायबर क्राइम के सह उपायुक्त विशाल नेहुल ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी चेन्नई में बैठकर वादी को बताया कि उसके नाम पर नागपुर में एक बैंक एकाउंट खोला गया है तथा इस खाते से बडे.पैमाने पर पैसे का आदान-प्रदान किया जा रहा है, इसके अलावा कनाडा में अवैध रूप से पार्सल किया जा रहा है जो राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है,



इसलिए इस मामले में शिकायत दर्ज कराई गई है। अपने आपको आयकर विभाग का अधिकारी बताकर फरियादि को डराते हुए उक्त मामले में गिरफ्तारी नहीं होने और जमानत के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों में कुल २१ लाख २२,८०० रुपए जमा कराया गया। परंतु फरियादी को जैसे ही पता चला कि उसके साथ धोखाधडी हुई है, तो उन्होंने सायबर पुलिस स्टेशन नई मुंबई में शिकायत दर्ज कराई। सायबर पुलिस मामला दर्ज कर जिन बैंक खातों में पैसे जमा किए गए थे सबसे पहले उन सभी बैंक खातों को फ्रीज किया। प्रयुक्त बैंक खाते और मोबाइल नंबर के तकनीकी विश्लेषण से पता चला कि संदिग्ध व्यक्ति चेन्नई, तमिलनाडु में बैठकर इस घटना को अंजाम दे रहा है। सायबर पुलिस स्टेशन से एक टीम को आरोपी की तलाश के लिए रवाना किया गया और पुलिस ने जाल बिछाकर गंगई अम्मन कोइल, फर्स्ट स्ट्रीट, अन्ननूर रेलवे स्टेशन के पास चेन्नई, तमिलनाडु से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी की पिटाई

मुंबई: मुंबई के सायन में कुछ युवक एक ऑन-ड्यूटी पुलिसकर्मी पर हमला कर रहे हैं. जिसमें उपद्रवी युवाओं का एक समूह कथित तौर पर ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी की पिटाई कर रहा है और साथ ही उस पर ताना मारते हुए कह रहा है, वर्दी का फायदा (वर्दी का फायदा उठाना) । युवाओं को गालियाँ देते हुए भी सुना जा सकता है, जबकि कुछ लोग हस्तक्षेप करने की कोशिश करते हैं और युवाओं को सलाह देते हैं कि वे ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मी को न मारें। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर व्यापक रूप से साझा किए गए एक वीडियो में, देर रात युवाओं के एक समूह को यह कहते हुए सुना गया कि वे अपने लिए पान खरीदने के लिए निकले थे। एक युवक को पुलिस से यह कहते हुए सुना जा सकता है कि पुलिस द्वारा उन्हें पीटने के बाद उन्होंने एक छात्र की पिटाई की, जैसा कि वीडियो में देखा जा सकता है। इस घटना में एक युवक भी घायल हो गया और अस्पताल में इलाज करवाते हुए उसकी तस्वीरें समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी ने साझा कीं और फिर कई अन्य लोगों ने साझा कीं।

# हात की सफाई से जालसाजी

मीरा रोड, एटीएम सेंटर से पैसे निकालने में मदद करने के बहाने हाथ सफाई से एटीएम कार्ड की अदला-बदली कर जालसाजी करने वाले आरोपी को काशीमीरा क्राइम डिटेक्शन टीम ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस के अनुसार राजेश झींगुर गुप्ता (४८) अपने कोटक महिंद्रा बैंक के एटीएम कार्ड से पैसे निकालने के लिए एटीएम सेंटर गए हुए थे. बाहर खडे.एक व्यक्ति ने कहा कि वह उसके एटीएम से पैसे निकालने में मदद कर देगा. गुप्ता ने उसे अपना कार्ड दे दिया तो हाथ की सफाई से उसने अकाउंट से ४०,००० रुपए निकाल लिए. १५० फुटेज खंगालने के बाद मिली सफलता वरिष्ट पुलिस निरीक्षक संदीप कदम और पुलिस निरीक्षक समीर शेख (क्राइम) ने ३ टीम तैयार कर आरोपी की तलाश शुरू की थी. एटीएम सेंटर से लेकर आसपास के करीब १४० से १५० सीसीटीवी फुटेज खंगालने और मुखबिरों की सूचना के आधार पर आरोपी कृष्णा शिवनारायण तिवारी (२४) को १० घंटे के अंदर वसई, सातिवली के गौराई पाडा स्थित राम जानकी चाल से गिरफ्तार कर लिया. आरोपी ड्राइवर का काम करता है.

# मीरा भाईंदर में स्वच्छता मुहिम की पहल, जनता हुई शामिल

**जेकेएस संवाददाता**


भायंदर, स्वच्छ भारत मिशन २०२३ अंतर्गत मीरा-भायंदर मनपा आयुक्त प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर के नेतृत्व में पिछले २ दिनों से विशेष स्वच्छता मुहिम शहर में शुरू की गई है. बुधवार को स्वच्छता मुहिम भायंदर पूर्व के प्रभाग क्रमांक ३ में चलाई गई. इस मुहिम के अंतर्गत २ अतिरिक्त आयुक्त ने २ अलग-अलग स्वच्छता टीम बनाए थे. पहले टीम का मार्गदर्शन अतिरिक्त आयुक्त अनिकेत मानोरकर कर रहे थे. इस टीम में नवघर नाका, बंदरवाडी व भायंदर रेलवे स्टेशन परिसर और दूसरे टीम में अतिरिक्त आयुक्त संभाजी पानपट्टे के मार्गदर्शन में गोडदेव व फाटक परिसर में स्वच्छता मुहिम चलाई गई. सुबह ७ बजे से दोपहर १ बजे तक चला स्वच्छता अभियान इस स्वच्छता मुहिम के अंतर्गत विभाग प्रमुखों ने प्रत्यक्ष साफ-सफाई की, स्टिकर हटाए, प्लास्टिक थैली जब्त की, शौचालय की स्वच्छता, स्मारक व प्रतिमाओं की साफ-सफाई, गटरों नालों के खराब ढक्कन की मरम्मत आदि ऐसे विभिन्न कार्य सुबह ७ बजे से दोपहर १ बजे तक किया. इस मुहिम अंतर्गत २८ किलो प्लास्टिक जब्त कर ९५ हजार भायंदर पूर्व में गोडदेव नाका के पास एक विवादित भूखंड है. यहां मालिकाना हक का विवाद चल रहा है. कई लोगों ने भूखंड के



अलग-अलग हिस्से पर कब्जा जमा रखा है, जहां केमिकल युक्त प्लास्टिक के बडे-बडे.ड्रम, थैली और अन्य अनुपयोगी कचरा जमा करके रखा है. इस भूखंड के एक तरफ मंतोरा और पद्मजा अस्पताल स्थित है, तो २ तरफ से रिहायशी इमारत हैं. इन इमारतों में रहने वाले लोग इस गंदगी और उससे निकलने वाली बदबू से परेशान हैं. मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियां फैलने की आशंका व्यक्त की जा रही. लेकिन स्वच्छता मुहिम की नजर यहां नहीं पडी. इस पर स्थानीय नागरिकों द्वारा आश्चर्य व्यक्त की जा रही है. रुपए दंड वसूल किए गए. साथ ही खुले में कचरा फेंकने वालों पर ९५५० की दंडात्मक कार्रवाई की गई और करीब ४३ हजार किलो कचरा एकत्रित किया गया. यह स्वच्छता मुहिम २७ अक्टूबर २०२३ तक संपूर्ण शहर में चलाई जाएगी. इसमें अधिक से अधिक नागरिकों को सहभागी होने का आह्वान आयुक्त प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर ने किया है.













# नवरात्रि के उत्सव में झूम उठा मीरा भाईंदर



मीरा भाईंदर में कई सामाजिक संस्थाओं ने नवरात्री महोत्सव का आयोजन किया. जिसमें शहरवासियों ने बढ चढकर हिस्सा लिया. ज्यादा तर गरबा राजनेताओं के रहे जिसमें बीजेपी के अध्यक्ष किशोर शर्मा, माजी नगरसेवक दिनेश जैन, नागोबा फाउंडेशन के अध्यक्ष शंकर विरकर ऐसे कई माता के भक्तों ने नवरात्रि का आयोजन किया था. जिसमें लोगों ने बढ चढकर हिस्सा लिया.













रामअवतार व अंशु अग्रवाल के घर पर माताजी के चौकी का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कई भक्तों ने आकर माताजी के दर्शन का लाभ लिया. मिरा भायंदर के कई भक्तगण आए थे. यह चौकी रश्मी प्राइड बिल्डिंग में रखी गई थी.

## जनता की समस्या के समाधान हेतु आयुक्त से मिले शैलेश पांडे




जेकेएस संवाददाता

मीरारोड : भाजपा प्रवक्ता महाराष्ट्र प्रदेश शैलेश पांडे एवम पूर्व नगरसेविका स्नेहा शैलेश पांडे ने मीरा भाईदर महानगरपालिका के आयुक्त श्री संजय काटकर से व्यक्तिगत मिलकर जनसमस्याओ के जल्द समाधान एवं विकासकार्यों को शीघ्र गति देकर नागरिकों को सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निवेदन देकर चर्चा की। जिनमे विशेष रूप से १) ज्योति पार्क होली एंजल स्कूल से काशीनगर के कमजोर नाला को शीघ्र नूतन निर्माण किया जाय। २)इंद्रलोक चौक से ओमशांति चौक से परम पूज्य माधव सदाशिव गोलवलकर गुरु जी चौक तक अभी तत्काल में हुए सीमेंट रोड के निकृष्ठ विकास कार्य को फिर से अच्छे ढंग से करना। ३) मिरा भाईदर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बगल वाला फुटबॉल ग्राउंड को जल्द से जल्द विकसित कर खिलाडियों को उपलब्ध कराया जाए। ४) रोड के खड्डो को तुरंत पैच वर्क किया जाय। आयुक्त संजय काटकर ने सकारात्मक आश्वासन दिया और उपरोक्त कार्य शीघ्र करने का वादा किया।


















स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9757262120 Email :newsjankalyanseva@gmail.com Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI